राजस्थान सरकार

शिक्षा–विभाग

**निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर**

क्रमांकः एफ 7 (4)अकाद / निकाशि / कम्प्यूटर / 2013 / 233 दिनांकः 08 अगस्त, 2013

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय
(एजुकॉम्प कान्ट्रेक्ट से संबंधित)

**विषय– एजुकॉम्प सोलयूशन्स लिमिटेड, नई दिल्ली के साथ किए गए अनुबन्ध के सम्बन्ध में साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने बाबत।**

निर्देशानुसार लेख है कि राजकीय महाविद्यालयों में एलिमेन्ट्री कम्प्यूटर के अनिवार्य विषय के अध्यापन एवं प्रयोगशालाओं की स्थापना / रखरखाव हेतु विभाग द्वारा एजुकॉम्प सोलयूशन्स लिमिटेड के साथ वर्ष 2009 में अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया गया है। इस अनुबन्ध के सम्बन्ध में 1 अगस्त 2013 से प्रारम्भ कर प्रत्येक सप्ताह के सोमवार से शनिवार तक (अथवा सप्ताह के अंतिम कार्य दिवस) की प्रगति रिपोर्ट की सॉफ्टकापी संलग्न एक्सेल फार्मेट में भरकर jdacad.cce@rajasthan.gov.in व elemcompproj@gmail.com पर प्रत्येक शनिवार की सायं तक भेजी जानी है। यह कार्य आपके महाविद्यालय में एजुकॉम्प सोलयूशन्स के कम्प्यूटर अनुदेशक के माध्यम से करवाया जाना है। उक्त सूचना को महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सत्यापित कर अभिलेख में संधारित किया जाना है तथा आवश्यकता होने पर निदेशालय को उपलब्ध करवाने हेतु सुलभ रख जाना है।

संलग्न– उपरोक्तानुसार।

(आर.एस.मक्कड़)
अतिरिक्त निदेशक
कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।

क्रमांकः एफ 7 (4)अकाद / निकाशि / कम्प्यूटर / 2013 / 233 दिनांकः 08 अगस्त, 2013

प्रतिलिपिः

1. प्रोजेक्ट मैनेजर, एजुकॉम्प सोलयूशन्स लि0, नई दिल्ली को प्रेषित कर लेख है कि प्रत्येक महाविद्यालय के अपने अनुदेशक को प्रत्येक सप्ताह शनिवार (अथवा सप्ताह के अंतिम कार्य दिवस) को सायं उपरोक्त ई–मेल पतों पर सूचना प्रेषित करने हेतु निर्देशित करें। अनुदेशकों को यह भी निर्देश दें कि प्रेषित की जाने वाली सॉफ्ट कॉपी के नाम में महाविद्यालय का लघु नाम तथा जिस सप्ताह की सूचना प्रेषित की जा रही है, उस सप्ताह के प्रथम दिवस का उल्लेख हो। उदाहरणार्थ कन्या महाविद्यालय, अलवर की 5 अगस्त से 10 अगस्त की सूचना की फाईल का नाम girls-alwar-5aug. xls रखें।
2. श्री कमलेश मालपानी, कम्प्यूटर अनुदेशक एवं श्री चन्द्र सिंह भाटी, राजकीय महाविद्यालय, भोपालगढ़ को प्रेषित कर लेख है कि प्रत्येक सप्ताह प्राप्त ई–मेलों से प्राप्त सूचना को इकजाई कर एकल एक्सेल फाइल के रूप में प्रत्येक सप्ताह के सोमवार (अथवा सप्ताह के प्रथम कार्य दिवस) सायं तक निदेशालय को ई–मेल के जरिये उपलब्ध करवाए।
3. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, भोपालगढ़ को प्रेषित कर लेख है कि इस कार्य हेतु महाविद्यालय में कम्प्यूटर, इन्टरनेट कनेक्शन आदि की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करवाएं ताकि प्रत्येक सप्ताह सूचनाएं समय पर उपलब्ध करवाई जा सकें।
4. डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि, वेबसाईट प्रभारी, निदेशालय कालेज शिक्षा, जयपुर को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

संयुक्त निदेशक (अकादमी)

# Elementary Computer Education Weekly Report For Week Starting 29-07-2013

| S. N. o. | College Name | District | No. of Students Enrolled | Acad. Year for ECE Course | No of Faculties - Required as per Contract | No of Faculties Actually Deployed | No. of Leaves In This Week | No of ECEClasses Conducted in This Week | No of PC's Required- as per Contract | No Of PC Installed | PC Status | Internet Provided Yes/No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |